6.3.1 The institution has effective welfare measures for teaching and non teaching staff



## चम्बा कालेज में नुक्कड़ नाटक से कोरोना के प्रति किया जागरूक

Awareness regarding Corona vaccination



गंभीरता : चंबा कालेज के विद्यार्थियों ने कोरोना के खिलाफ जागरूक करने का छेड़ा

## नुक्कड़ नाटक से टीकाकरण का दिया संदेश

संवाद सहयोगी, चंबा : राजकीय महाविद्यालय चंबा में कोरोना प्रतिरोधक टीकाकरण को लेकर छात्रों सहित लोगों को जागरूक करने को लेकर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस दौरान एडीएम चंबा नवीन तंवर विशेष रूप में मौजूद रहे।

प्रोफेसर अविनाश ने बताया कि एसडीएम चंबा नवीन तंवर व जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. कर्ण हितैषी की दूरदर्शिता, मार्गदर्शन व दिशा निर्देशों स्वरूप कोरोना प्रतिरोधक टीकाकरण की जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक को प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को साथ लेकर तैयार किया गया। इसका शुभारंभ विजयदशमी पर चंबा चौगान में किया गया।

शनिवार को नाटक का मंचन राजकीय महाविद्यालय चंबा में किया गया। उन्होंने बताया कि इस नाटक का मंचन जिला के विभिन्न संस्थानों, उपमंडलों व पंचायतों में किया जाएगा ताकि कोरोना टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जा सके। प्रदेश जिस तरह से पहली डोज को लेकर देशभर में अव्वल रहा है उसी प्रकार दूसरी डोज के सौ फीसद लक्ष्य को जल्द पूरा किया जा सके, यही नाटक में संदेश दिया जा रहा है। टीम लोगों को जारूक कर रही है। इस मौके पर कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर राकेश राठौर, प्रोफेसर अविनाश, डा संतोष, प्रोफेसर परविंदर कुमार, ऋत्विक, मोहित, राकेश व रिया आदि मौजूद रहे।

चंबा कालेज के विद्यार्थी नुकड़ नाटक के माध्यम से कोरोना टीकाकरण के प्रति जागरूक करते हुए • जागरण


Government College Chamba (H.P.)
NAAC ACCREDITED WITH B+ GRADE
(Affiliated to HP University Shimla)
in collaboration with
Mahatma Gandhi National Council of Rural Education (MGNCRE)
Department of Higher Education, Ministry of Education, GoI
organizing
Online Workshop on
Psychological support For Covid Pandemic Conditions
(Covid helper's skill for Students)
3rd June, 2021 (Thursday)
11 AM TO 12 :30 PM
Speaker
Samarth Sharma
MGNCRE,
Ministry of Education
Government of India
YouTube
LIVE
Google meet
LINKS OF THE SESSION WILL BE SHARED ON 3RD JUNE 9 A.M.
Organising committee:
~DR. HEMANT PAL ~SH. AVINASH
~SH. RAVINDER SINGH
Chief Patron
DR. SHIV DAYAL
Principal
For any query you may contact:
9418122414, 9459222580, 7018264598
"Let's stay distant but together, join hearts but not hands"


CERTIFICATE
OF PARTICIPATION
THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES
HIMACHAL PRADESH
No. BSGHP-SFAC-125
Date:-03-05-2020
Proudly Presented To
Riya
of Government College Chamba
has actively participated in the initiative
SCOUTS FIGHT AGAINST CORONA.
STATE SECRETARY
The Bharat Scouts and Guides
Himachal Pradesh



No.-BSGHP-VWI-016

Dated :- 29-05-2020

**THE BHARAT SCOUTS AND GUIDES HIMACHAL PRADESH**

CERTIFICATE OF
ACHIEVEMENT


**THIS CERTIFICATE IS AWARDED TO**

**Dishant Mahajan**

**of Government College Chamba**

**for volunteering time and efforts in the
STATE LEVEL VIRTUAL WAGGGS INITIATIVE PROGRAMME
from 23rd to 29th May 2020.**

**STATE SECRETARY
The Bharat Scouts and Guides
Himachal Pradesh**












Workshop on Mental health and Psycho-social support


STOP...
Structure oF
HIV


DANGER
WINE



Free health check up camp for teachers & Non teaching staff through Sansad Mobile seva (SMS)





Vaccination Drive



Sanitization in College



Vaccination Drive



Vaccination Drive




**Health Awareness camp for College staff:**
**Dr. Karan Hiteshi**



**Vaccination Drive**




**Vaccination Drive for College Staff**






Sanitization





Health Awareness camp for College staff:
Dr. Karan Hiteshi


Vaccination Drive


Vaccination Drive




Webinar on Healthy lifestyle and Cancer prevention




Webinar on Healthy lifestyle and Cancer prevention




Street play to create awareness regarding Vaccination





Street play to create awareness regarding Vaccination



Street play to create awareness regarding Vaccination






# नियमों का पालन करना कोरोना को हराने का सबसे बढ़ा उपाय : शिवदयाल

## रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

चम्बा, 19 सितम्बर (सुशील): राजकीय महाविद्यालय चम्बा की एन.सी.सी. व एन.एस.एस. इकाई के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान, कोविड संबंधित जागरूकता अभियान व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

एन.सी.सी. इकाई के प्रभारी प्रोफैसर अमित कुमार व कार्यक्रम अधिकारी प्रोफैसर अविनाश ने बताया कि एन.सी.सी. के कैडेट्स व एन.एस.एस. के स्वयंसेवियों द्वारा राजकीय महाविद्यालय चम्बा भवन, परिसर व आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान का आयोजन किया गया।

जागरूकता अभियान के माध्यम से कोरोना संक्रमण से बचाव व सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इसमें विद्यार्थियों को नारे, पोस्टर व [illegible] के माध्यम से कोरोना से बचने के उपाय, संक्रमण को फैलने से रोकने के तरीके, हाथ धोना, दूरी बनाकर रखना, भीड़ एकत्रित न करना, इधर-उधर कूड़ा न फैंकना, फलों के छिलके कूड़ेदान में डालना आदि की जानकारी दी गई। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय चम्बा के प्राचार्य डा. शिवदयाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि एन.सी.सी. के कैडेट्स व एन.एस.एस. के स्वयंसेवियों के द्वारा सफाई अभियान व कोरोना संक्रमण के बारे में जागरूकता रैली का आयोजन करने पर सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कोविड-19 से बचने के लिए बनाए गए नियमों का पालन करना कोरोना को हराने का सबसे बड़ा उपाय है। उन्होंने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर आमजन में जागरूकता व सजगता का होना बहुत जरूरी है। इसके इलावा स्वच्छता के प्रति भी विद्यार्थियों में जागरूकता होना बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर प्रोफैसर अविनाश, प्रोफैसर अमित कुमार, निशा कुमारी, कैडेट्स में ज्योतिका, दीक्षा, सुनीता, आकांक्षा, मोहित, संजीव, सोनू, रोहित, मनी, मंजू, स्वयंसेवियों में यश राज, नेहा शर्मा, कल्पना शर्मा, हेम राज, सपना व राकेश आदि उपस्थित रहे।

*चम्बा : राजकीय महाविद्यालय चम्बा में स्वच्छता व कोविड संबंधित जागरूकता अभियान के दौरान हाथ में पोस्टर लेकर जागरूक करते हुए एन.सी.सी. के कैडेट्स व एन.एस.एस. के स्वयंसेवी।* (छाया)

# कोरोना से बचाव के लिए मास्क और उचित दूरी अपनाएं

**चंबा कॉलेज के एनसीसी और एनएसएस के स्वयंसेवियों ने चलाया जागरूकता अभियान, सफाई व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान**

संवाद न्यूज एजेंसी

चंबा। राजकीय महाविद्यालय चंबा की एनसीसी और एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान, कोविड जागरूकता अभियान व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

एनसीसी इकाई के प्रभारी प्रोफेसर अनित कुमार व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने कहा कि एनसीसी के कैडेट व एनएसएस के स्वयंसेवियों द्वारा कॉलेज भवन, परिसर व आसपास के इलाके में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। स्वयंसेवियों ने मास्क और उचित सामाजिक दूरी का पालन करने की अपील की गई। कोरोना संक्रमण से बचाव व सफाई व्यवस्था को बनाए रखने का आह्वान भी किया। जिसमें विद्यार्थियों को नारों, पोस्टर व वार्तालाप के माध्यम से कोरोना से बचने के उपाय, संक्रमण को फैलने से रोकने के तरीके, हाथ धोना, दूरी बनाकर रखना, भीड़ इकट्ठी न करना, इधर-उधर कूड़ा न फेंकना, फलों के छिलके व कूड़ा कर्कट डस्टबिन में डालना आदि शामिल रहा।

इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय चंबा के प्राचार्य डॉ. शिव दयाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा सफाई अभियान, कोविड जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर प्रोफेसर अविनाश, प्रोफेसर अनित कुमार, प्रोफेसर निशा कुमारी, कैडेट्स में ज्योतिका, दीक्षा, सुनीता, आकांक्षा, मोहित, संजीव, सोनू, रोहित, सनी, सनू, स्वयंसेवियों में खेम राज, नेहा शर्मा, कल्पना शर्मा, हेम राज, सपना, राकेश इत्यादि उपस्थित रहे।



राजकीय महाविद्यालय परिसर चंबा में स्वच्छता अभियान के बाद स्वयंसेवी। -संवाद

# चम्बा कालेज में लगाया कोरोना टीकाकरण कैंप

चम्बा, 25 अक्तूबर (सुशील): चम्बा कालेज में विद्यार्थियों, कर्मचारियों व अभिभावकों के लिए कोरोना प्रतिरोधक टीकाकरण कैंप का आयोजन जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई के सहयोग स्वरूप किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. शिवदयाल ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए महाविद्यालय परिसर की सैनिटाइजेशन, सामाजिक दूरी, थर्मल स्कैनिंग, फेस मास्क अनिवार्यता आदि लगातार जारी है।

इसके साथ ही कोरोना टीकाकरण भी अति आवश्यक है। इसलिए राज्य व केंद्र सरकार के निर्देशों की अनुपालना को सुनिश्चित करते हुए महाविद्यालय चम्बा, सुल्तानपुर में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में एकदिवसीय कोरोना टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया।

इस दौरान महाविद्यालय के कर्मचारियों व 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके विद्यार्थियों को कोरोना टीके की पहली व दूसरी डोज लगाई गई।



*चम्बा : चम्बा कालेज में कोरोना टीकाकरण कैंप के दौरान पंजीकरण करवाते हुए विद्यार्थी।* (कुलदीप)

इस दौरान बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम., बी.बी.ए, बी.सी.ए व एम.ए. के विद्यार्थियों का कोरोना टीकाकरण किया गया व उसके बारे में जागरूक किया गया।

इस अवसर पर सी.एच.ओ. पुखरी पायल शर्मा व ए.एन.एम. पुखरी हेम लता आदि ने अपनी बहुमूल्य सेवाएं दीं।

इस दौरान डा. हेमंत पाल, डा. मनेश वर्मा, डा. तेज सिंह, डा. शैली महाजन, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रोफैसर अविनाश, प्रोफैसर निशा, स्वयंसेवियों में खेम राज, नेहा शर्मा, कल्पना शर्मा, शिवी व हिमानी आदि उपस्थित रहे।

# कर्मियों व छात्रों को लगाई वैक्सीन

संवाद सहयोगी, चंबा : राजकीय महाविद्यालय चंबा में विद्यार्थियों, कर्मचारियों व अभिभावकों के लिए कोरोना प्रतिरोधक टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. शिव दयाल ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए महाविद्यालय परिसर को सैनिटाइजेशन, शारीरिक दूरी के नियम का पालन सुनिश्चित बनाने, थर्मल स्कैनिंग व मास्क लगाना जरूरी किया गया है। साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए कोविड टीकाकरण भी अति आवश्यक है।



राजकीय महाविद्यालय चंबा में सोमवार को कोविड वैक्सीन लगवाने के लिए पंजीकरण करवाते विद्यार्थी • जागरण

उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के निर्देश का पालन करते हुए राजकीय महाविद्यालय चंबा में एक दिवसीय कोरोना टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के कर्मचारियों व 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके विद्यार्थियों को वैक्सीन की पहली व दूसरी डोज लगाई गई। इस दौरान बीए, बीएससी, बीकाम, बीबीए, बीसीए, बीवाक व एमए के विद्यार्थियों को कोरोना के खिलाफ जागरूक भी किया गया। प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय में टीकाकरण का आयोजन लगातार एक अंतराल के बाद किया जा रहा है। सीएचओ पुखरी पायल शर्मा, एएनएम पुखरी हेमलता ने कहा कि कोरोना संक्रमण का असर अभी तक पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। इसलिए सभी लोग नियमों का ईमानदारी से पालन करते रहें। इस अवसर पर डा. हेमंत पाल, डा. मनेश वर्मा, डा. तेज सिंह, डा. शेली महाजन, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अविनाश, प्रो. निशा, स्वयसेवियों में खेमराज, नेहा शर्मा, कल्पना शर्मा, शिवि, हिमानी आदि उपस्थित रहे।

चंबा जिला की खबरें www.jagran.com पर पढ़ें

---

**शिविर...** राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों-कर्मचारियों व अभिभावकों के लिए कोरोना प्रतिरोधक टीकाकरण शिविर सजा, बच्चों में दिखा उत्साह

# चंबा कालेज में छात्रों को लगी वैक्सीन

नगर संवाददाता- चंबा

राजकीय महाविद्यालय चंबा में विद्यार्थियों, कर्मचारियों व अभिभावकों के लिए कोरोना प्रतिरोधक टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। टीकाकरण अभियान का आयोजन जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कालेज की एनएसएस इकाई के सहयोग से किया गया। प्राचार्य डा. शिव दयाल ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु महाविद्यालय परिसर की सेनेटाइजेशन, सामाजिक दूरी, थर्मल स्कैनिंग व फेस मास्क अनिवार्यता इत्यादि लगातार जारी है। इसके साथ ही कोरोना संक्रमण के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु कोरोना टीकाकरण भी अति आवश्यक है। इस कैंप के दौरान महाविद्यालय के कर्मचारियों व 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके विद्यार्थियों को कोरोना टीके की पहली डोज व दूसरी डोज लगवाई गई। इस दौरान बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीवाक व एमए के विद्यार्थियों को कोरोना



टीकाकरण किया गया। बताते चलें कि राजकीय महाविद्यालय चंबा में कोरोना प्रतिरोधक टीकाकरण का आयोजन लगातार एक अंतराल के बाद किया जा रहा है। कैंप के सफल आयोजन में स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएचओ पुखरी डा. पायल शर्मा व एएनएम हेमलता आदि ने सेवाएं दी। इस अवसर पर डा. हेमंत पाल, डा. मनेश वर्मा, डा. तेज सिंह, डा. शैली महाजन, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अविनाश व प्रो. निशा के अलावा स्वयंसेवियों में शिवि व हिमानी इत्यादि खेमराज, नेहा शर्मा, कल्पना शर्मा, उपस्थित रहे।



## सार-संक्षेप

# टीकाकरण व स्वच्छता पर आज से अभियान

चंबा : भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के शिमला स्थित क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो, एफओबी की ओर से दो दिवसीय स्वच्छता और कोरोना टीकाकरण जागरूकता अभियान चंबा में पांच और छह अक्टूबर को चलाया जा रहा है। अभियान के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने बताया कि लोगों में स्वच्छता और कोरोना टीकाकरण जैसे विषयों के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत पांच अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय चंबा में पेंटिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं का विषय कोरोना रोधी टीकाकरण और स्वच्छता अभियान रहेगा। छात्र-छात्राएं अपनी कलाकृतियों के माध्यम से लोगों को कोरोना टीकाकरण और स्वच्छता अभियान में भाग लेने के लिए जागरूक करेंगे। एफओबी शिमला के इकाई प्रमुख अनिल दत्त शर्मा ने बैठक के दौरान अवगत कराया कि एफओबी और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत छह अक्टूबर को सुलतानपुर क्षेत्र में एनसीसी, एनएसएस व अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के वालिंटियर्स के साथ सफाई अभियान चलाया जाएगा। बैठक में जिला उप शिक्षा अधिकारी( प्रारंभिक) हितेंद्र कुमार, जिला युवा अधिकारी विवेक कुमार, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद अक्षित गुप्ता, सहायक प्रोफेसर अविनाश मौजूद रहे। संस

# दो दिवसीय कोरोना टीकाकरण व स्वच्छता जागरूकता अभियान

## चम्बा कालेज में पोस्टर पेंटिंग व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताएं भी होंगी आयोजित



चम्बा : बैठक की अध्यक्षता करते ए.डी.एम. अमित मेहरा व उपस्थित अन्य विभागों के अधिकारी। (ब्यूरो)

चम्बा, 4 अक्तूबर (ब्यूरो): जिले में 5 व 6 अक्तूबर को दो दिवसीय स्वच्छता और कोरोना टीकाकरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के शिमला स्थित क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो, एफ.ओ.बी. द्वारा चलाया जाएगा। सोमवार को अभियान के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ए.डी.एम. अमित मेहरा ने की। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता और कोरोना टीकाकरण जैसे विषयों के प्रति जागरूकता लाना है।

इस जागरूकता अभियान के तहत 5 अक्तूबर को राजकीय महाविद्यालय चम्बा में पोस्टर पेंटिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं का विषय कोरोना रोधी टीकाकरण और स्वच्छता

अभियान रहेगा।

छात्र-छात्राएं अपने कलाकृतियों के माध्यम से लोगों को कोरोना टीकाकरण और स्वच्छता अभियान में भाग लेने के लिए जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम के तहत कन्या विद्यालय चम्बा में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

दत्त शर्मा ने बैठक के दौरान अवगत कराया कि एफ.ओ.बी. और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत 6 अक्तूबर को सुल्तानपुर क्षेत्र में एन.सी.सी., एन.एस.एस. व अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के वालंटियर्स के साथ सफाई अभियान चलाया जाएगा और इसी दिन राजकीय महाविद्यालय

विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही स्वच्छता, पोषण व कोरोना रोधी टीकाकरण के बारे में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी।

इस अवसर पर प्रारंभिक जिला उप शिक्षा अधिकारी हितेंद्र कुमार, जिला युवा अधिकारी विवेक कुमार, नगर परिषद ई.ओ. अक्षित गुप्ता, चम्बा कालेज के सहायक प्रोफैसर अविनाश मौजूद रहे।

# छात्रों को निरोग रहने के दिए टिप्स



चंबा। डिग्री कालेज चंबा में शुक्रवार को योग और ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हठ योग, योग निद्रा, प्राणायाम, ध्यान तथा कुंडलिनी जागरण के जरिए स्टाफ सदस्यों व छात्रों को निरोग रहने का अभ्यास करवाया। शिविर में कालेज प्राचार्य डा. शिवदयाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित करके शिविर का विधिवत तरीके से शुभारंभ किया। डा. शिवदयाल ने कहा कि योग हमारे जीवन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे हम तन और मन को स्वच्छ रख सकते हैं। उन्होंने योग से संबंधित जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि यह कालेज में पहला ऐसा योग शिविर है, जिसमें योग और ध्यान सिखाया गया। उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति एवं विशेषकर प्रो. अनित को बधाई दी। शिविर के आयोजक प्रो. अनित ने हठयोग, योग निद्रा, प्राणायाम, ध्यान तथा कुंडलिनी जागरण का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि शक्ति से शिव, आत्मा से परमात्मा और प्राण ऊर्जा, शरीर और मन का परम तत्त्व में विलीन हो जाना ही योग है, जिसे योग और ध्यान की विभिन्न क्रियाओं से अनुभव किया जा सकता है। शिविर में बतौर मंच संचालन की भूमिका में डा. संतोष कुमार रहे। शिविर में कालेज के समस्त स्टाफ और छात्रों ने भाग लिया।

# चंबा कॉलेज में योग और ध्यान शिविर का आयोजन

चंबा। चंबा महाविद्यालय में शुक्रवार को योग और ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हठ योग, योग निद्रा, प्राणायाम, ध्यान तथा कुंडलिनी जागरण मुख्य आकर्षण रहे। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. शिवदयाल मौजूद रहे, जिन्होंने द्वीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ. शिवदयाल ने कहा कि योग हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे हम तन और मन को स्वच्छ रख सकते हैं। उन्होंने योग से संबंधित समस्त जानकारी सभी के साथ साझा की। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय में पहला ऐसा योग शिविर है, जिसमें योग और ध्यान सिखाया गया। उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति एवं विशेषकर प्रो. अनित को बधाई दी। इस शिविर के आयोजक प्रो. अनित नें. हठयोग, योग निद्रा, प्राणायाम, ध्यान तथा कुंछलिनी जागरण पर, अभ्यास करवाया। शिविर में बतौर मंच संचालन की भूमिका में डॉ. संतोष कुमार रहे। शिविर को मल्टीपर्पज हॉल में आयोजित किया गया।

अमर उजाला (15 Aug. 2021)

# युवाओं ने रैली से दिया फिट इंडिया का संदेश

## आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' कार्यक्रम का किया गया आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

चंबा। नेहरू युवा केंद्र की ओर से स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त डीसी राणा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे।

युवाओं को आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर फिट इंडिया फ्रीडम रन की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर राष्ट्रीय गान भी गाया गया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री के संदेश 'आधा घंटा रोज फिट इंडिया डोज' को घर-घर तक पहुंचाएं और अपने परिवार और समुदाय के लोगों को हर रोज आधा घंटा व्यायाम करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा के

### रैली को उपायुक्त डीसी राणा ने दिखाई हरी झंडी

एनसीसी कैडेट, कोऑर्डिनेटर रोवर रेंजर, खिलाड़ी और युवा मंडलों के पदाधिकारी सहित नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। उपायुक्त डीसी राणा ने फ्रीडम रन में शामिल युवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। फ्रीडम रन मिलेनियम गेट से शुरू होकर चंबा मार्केट, लक्ष्मी नारायण मंदिर से होते हुए अखंड चंडी पैलेस तक गई। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट यूथ ऑफिसर विवेक कुमार, चंबा कॉलेज के प्रोफेसर अविनाश पाल, दीपक भाटिया, उमेश चौहान, ओलंपिक संघ के प्रधान मनुज शर्मा, फुटबाल कोच प्रेम भूषण, राकेश खन्ना, अतुल चौधरी, क्रिकेट [illegible] और [illegible] मौजूद रहे।



चंबा में फिट इंडिया फ्रीडम रन के तहत शहर में रैली निकालते स्वयंसेवी। अमर

# चंबा महाविद्यालय में विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने ली कोरोना वैक्सीन

## संक्रमण से बचाव के लिए कालेज में सैनिटाइजर व थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था

संवाद सहयोगी, चंबा : राजकीय महाविद्यालय चंबा में छात्रों, अभिभावकों व कर्मचारियों के लिए कोरोना रोधी टीकाकरण का आयोजन किया गया। अभियान का आयोजन महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। शिविर के दौरान 18 वर्ष पूरे कर चुके छात्रों व अन्य का टीकाकरण किया गया।

कालेज प्राचार्य डा. शिव दयाल ने बताया कि महाविद्यालय अब विद्यार्थियों के लिए खुल चुके हैं। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए महाविद्यालय परिसर में सैनिटाइजेशन, थर्मल स्कैनिंग, फेस मास्क अनिवार्यता इत्यादि लगातार जारी है।



डिग्री कालेज चंबा में कोरोना वैक्सीन लेता छात्र • जागरण

विद्यार्थियों को दो-दो दिन ही बुलाया जा रहा है ताकि कक्षाओं में भीड़ इकट्ठी न हो और संक्रमण का खतरा पैदा न हो सके। इसके साथ ही कोरोना संक्रमण के प्रति [illegible] प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए कोरोना टीकाकरण भी अति आवश्यक है।

राजकीय महाविद्यालय चंबा, सुल्तानपुर में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से दो दिवसीय कोरोना टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के कर्मचारियों व 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके विद्यार्थियों को कोरोना टीके की पहली व दूसरी डोज लगवाई गई। 28 सितंबर को भी महाविद्यालय परिसर में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

मंगलवार को आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में ध्यानू राम, स्टाफ नर्स मीनाक्षी, जितेश डीएम, इंद्रा शर्मा, मनोज सीएचओ चौमा, आशा कार्यकर्ता रुचि, ब्यासा देवी, आशा रीनू आदि ने अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कोरोना महामारी के खिलाफ जागरूक किया गया।

इस अवसर पर डा. हेमंत पाल, डा. मनेश वर्मा, डा. तेज सिंह, डा. शैली महाजन, रविंद्र सिंह, हितेश कुमार, संजय शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अविनाश, प्रोफेसर निशा, स्वयंसेवियों में खेमराज, खेम कुमार, नेहा शर्मा, कल्पना शर्मा, चक्रराज सहित अन्य मौजूद रहे।

चंबा जिले की खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

कार्यक्रम [illegible]

# चंबा कालेज में छात्रों-अभिभावकों को लगी वैक्सीन



[illegible]



[illegible]

# प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए वैक्सीन जरूरी : डॉ. शिवदयाल

चंबा। राजकीय महाविद्यालय चंबा में कोरोना टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के अभिभावकों ने कारोना टीका लगवाया। टीकाकरण अभियान का आयोजन महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. शिवदयाल ने कहा कि महाविद्यालय अब विद्यार्थियों के लिए खुल चुके हैं। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए महाविद्यालय परिसर की सैनीटाइजेशन, सामाजिक दूरी, शारीरिक दूरी को सुनिश्चित बनाना, थर्मल स्क्रीनिंग, फेस मास्क की अनिवार्यता लगातार जारी है। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को दो-दो दिन बाद ही बुलाया जा रहा है। इसके साथ ही कोरोना संक्रमण के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए कोरोना टीकाकरण भी जरूरी है। 28 सितंबर को भी कॉलेज परिसर में टीकाकरण अभियान का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में हेल्थ वर्कर ध्यानु राम, स्टाफ नर्स मीनाक्षी, डीएम जितेश, इंद्रा शर्मा, मनीषा, आशा कार्यकर्ता रुचि और आशा देवी ने अपनी सेवाएं दीं। इस मौके पर डॉ. हेमंत पाल, डॉ. मनेश वर्मा, डॉ. तेज सिंह, डॉ. शैली महाजन, रविंद्र सिंह, हितेश कुमार, संजय शर्मा, यश राज इत्यादि मौजूद रहे। संवाद

## एड्स और यौन संचारित रोगों पर बांटी जानकारी



चंबा। जिला चंबा के विभिन्न रेड रिबन क्लब के पियर एजुकेटर का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण समिति के सौजन्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा कार्यालय के सभागार में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आलम भारद्वाज ने कहा कि इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य समाज में युवाओं को एचआईवी, एड्स और विभिन्न यौन संचारित रोगों तथा नशे से बचाव हेतु जागरूक करना है। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने रेड रिबन प्रतीक लगाकर अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी एड्स डॉ. हरित पुरी ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में जिला चंबा के विभिन्न कॉलेजों में दूसरे चरण की एचआईवी और एड्स से संबंधित न्यू इंडिया अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय चंबा, सलूणी, चुवाड़ी, तीसा, किलाड़, सिहुंता, डीएवी कॉलेज बनीखेत, बीएड कॉलेज तथा राजकीय आईटीआई चंबा और सरोल के विभिन्न प्रतिभागियों ने भाग लिया

## कॉलेज में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचा

संवाद न्यूज एजेंसी

चंबा। राजकीय महाविद्यालय चंबा में अत्याधुनिक टेस्ट वैन के माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य जांच और परीक्षण किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. शिवदयाल ने कहा कि अभी हाल ही में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की ओर से सांसद मोबाइल सेवा के रूप में मुफ्त टेस्ट वैन जिला चंबा को भेंट की गई है। इस वैन में चिकित्सक, लैब टेक्नीशियन और फार्मासिस्ट साथ रहेंगे, जो लोगों को स्वास्थ्य जांच, ब्लड और अन्य 40 तरह के टेस्ट करेंगे।

यह वैन जिले के अलग-अलग इलाकों में जाएगी। कॉलेज में कार्यरत स्टाफ सहित करीब डेढ़ सौ विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच और परीक्षण किए गए। इस अवसर पर टीम के सदस्यों में डॉ. रोमिता, फार्मासिस्ट गुरचरण सिंह, लैब टेक्नीशियन कुलवीर, राकेश कुमार, नोडल अधिकारी संस्था के मनुज शर्मा, डॉ. हेमंत पाल, डॉ. मनेश वर्मा, डॉ. तेज सिंह, डॉ. सुनील कुमार, प्रो. परविंदर कुमार, प्रो. सोमराज, मानव कुमार, अतुल शर्मा, राकेश राठौर, डॉ. यमन, रविंद्र सिंह, लीला, हिमानी, प्रियंका शर्मा और हितेश कुमार और एनएसएस स्वयंसेवी मौजूद रहे।



चंबा महाविद्यालय में कैंप के दौरान विद्यार्थी का चेकअप करता डॉक्टर। संवाद

# पीजी कॉलेज चंबा में नि:शुल्क टेस्ट

## सांसद मोबाइल सेवा के जरिये लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। चंबा



राजकीय महाविद्यालय चंबा में भारत सरकार द्वारा जारी सांसद मोबाइल सेवा के रूप में अत्याधुनिक टेस्ट वैन के माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य जांच, ब्लड टेस्ट व अन्य 40 टेस्ट चिकित्सक व लैब टेक्नीशियन के माध्यम से निःशुल्क किए गए। ये जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव दयाल ने दी। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में भारत सरकार के युवा सेवा एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा सांसद मोबाइल सेवा के रूप में मुफ्त टेस्ट वैन जिला चंबा को दी गई है। इस वैन में चिकित्सक, लैब तकनीशियन व फार्मासिस्ट साथ रहेंगे, जो लोगों की स्वास्थ्य जांच, ब्लड व 40 विभिन्न तरह के अन्य टेस्ट करेंगे तथा जांच के बाद चिकित्सक द्वारा उक्त व्यक्तियों को आवश्यक दवाइयां आबंटित की जाएंगी तथा शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु उचित परामर्श दिया जाएगा। यह वैन जिला के अलग-अलग इलाकों में जाएगी, जहां पर लोगों के घरद्वार स्वास्थ्य जांच व टेस्ट की सुविधा आधुनिक उपकरणों के माध्यम से दी जाएगी। वैन के आने की सूचना पहले ही इलाकावासियों को दी जाएगी, ताकि लोग इस सेवा का लाभ उठा सकें। इसी कड़ी में भारत सरकार की इस अत्याधुनिक टेस्ट वैन के माध्यम से राजकीय महाविद्यालय चंबा में शनिवार को 150 स्टाफ व विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई व विभिन्न टेस्ट किए गए। इसके उपरांत चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श दिया गया व दवाइयां दी गईं। इस अवसर पर टीम के सदस्यों में डॉ. कनर शर्मा, डॉ. रोमिता, फार्मासिस्ट गुरचरण सिंह, लैब तकनीशियन में कुलवीर, राकेश कुमार, नॉट ऑन मैप संस्था के मनुज शर्मा, महाविद्यालय का स्टाफ डॉ. हेमंत पाल, डॉ. मनेश वर्मा, डॉ. तेज सिंह, डॉ. सुनील कुमार, प्रो. परविंदर कुमार, प्रो. राकेश राठौर, डॉ. चमन, रविंद्र सिंह, हितेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# स्टाफ व छात्रों का जांचा स्वास्थ्य

## सांसद मोबाइल सेवा का मिल रहा लाभ, चिकित्सकों ने टेस्ट कर दवाएं भी दीं

संवाद सूत्र, सुल्तानपुर : राजकीय महाविद्यालय चंबा में सांसद मोबाइल सेवा के रूप में अत्याधुनिक टेस्ट वैन के माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य जांच, ब्लड टेस्ट व अन्य 40 टेस्ट चिकित्सक व लैब टेक्नीशियन के माध्यम से मुफ्त किए गए। प्राचार्य डा. शिव दयाल ने कहा कि अभी हाल ही में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा सांसद मोबाइल सेवा के रूप में मुफ्त टेस्ट वैन जिला चंबा को दी गई है। इस वैन में चिकित्सक, लैब तकनीशियन व फार्मासिस्ट साथ रहेंगे। जो लोगों की स्वास्थ्य जांच, ब्लड व 40 विभिन्न तरह के अन्य टेस्ट करेंगी तथा जांच के बाद चिकित्सक द्वारा उक्त व्यक्तियों को दवाएं दी जाएंगी। यह वैन जिला के अलग-अलग इलाकों में जाएगी जहां पर लोगों के घरद्वार स्वास्थ्य जांच व टेस्ट की सुविधा आधुनिक उपकरणों के माध्यम से दी जाएगी।

अत्याधुनिक टेस्ट वैन के माध्यम से राजकीय महाविद्यालय चंबा में शनिवार को लगभग 150 स्टाफ व विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई व विभिन्न टेस्ट किए गए। इसके उपरांत चिकित्सकों द्वारा दवाएं दी गईं। इस अवसर पर टीम के सदस्यों में डा. रोमिता, फार्मासिस्ट गुरचरण सिंह, लैब तकनीशियन में कुलवीर, राकेश कुमार, नॉट आन मैप संस्था के मनुज शर्मा, महाविद्यालय का स्टाफ डा. हेमंत पाल, डा. मनेश वर्मा, डा. तेज सिंह, डा. सुनील कुमार, प्रोफेसर परविंदर कुमार, प्रोफेसर राकेश राठौर, डा. चमन, रविंद्र सिंह, हितेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।



चंबा कालेज में शनिवार को आयोजित शिविर में लोगों की स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक • जागरण

# लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवाएं दी

संवाद सहयोगी, डलहौजी : चमेरा पावर स्टेशन-एक खैरी की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला मेल परिसर में मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। दूरदराज के गांवों से आकर लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। लोगों के ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर आदि के टेस्ट किए गए। मरीजों को दवाएं दी गईं।

चमेरा पावर स्टेशन-एक के महाप्रबंधक (ईएंडसी) अशोक कुमार व महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डा. केके सिंह ने शिविर का शुभारंभ किया। मेल पंचायत के सहयोग से आयोजित कैंप में एनएचपीसी चमेरा पावर स्टेशन-एक के चिकित्सा विभाग की डा. सीमा चौधरी, वरिष्ठ उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सेवा-दो पावर स्टेशन के डा. राकेश कुमार पिराल, वरिष्ठ उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित चमेरा पावर स्टेशन-एक के परियोजना चिकित्सालय की पैरा मेडिकल टीम ने सेवाएं दीं। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत चमेरा पावर स्टेशन द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।



मेल स्कूल में लगे शिविर में चमेरा पावर स्टेशन-एक के महाप्रबंधक (ईएंडसी) अशोक कुमार व महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डा. केके सिंह महिला को दवा देते हुए


Government College
Chamba
VACCINATION DRIVE FOR
15-18 YEARS
AGE GROUP
5th January, 2022
Wednesday
NSS Room
Registration on
cowin.gov.in starts from
1st January, 2022
The fight is still on,
it's time to defeat Omicron.
Together we can ......
Let's get Vaccinated


Government College Chamba
LET'S GET
VACCINATED
STOP COVID-19
*Vaccination Drive*
15th
December
2021
Wednesday
Venue: N.S.S. Room